# Departmental Activities

**Declamation competition on the topic "Unemployment – A big Threat for India" Dec.02, 2021**



## Seminar on Investment Awareness – April 14, 2022



**वित्तीय सुरक्षा के लिए व्यवस्थित निवेश योजना अपनाएं : पूनिया**

हिसार/ 15 अप्रैल/ रिपोर्टर

विकासशील देशों में सबसे बड़ी चुनौती मंहगाई है। जिसके कारण बचत में कमी हो रही है तथा लोगों में वित्तीय जागरूकता भी कम है। अगर हमें वित्तीय सुरक्षा चाहिए तो इसके लिए हमें स्वयं व्यवस्था करनी होगी तथा हमें व्यवस्थित निवेश योजनाएं अपनानी होंगी। ये विचार आज दयानन्द महाविद्यालय में वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा प्रबन्धन विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में ''निवेश जागरूकता एवं व्यक्तिगत वित्त व्यवस्था'' पर मुम्बई स्थित फिनगो वैल्थ एण्ड फिनगो एडवाईजरी प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राकेश पूनिया ने व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि हमारी जिन्दगी में वित्तीय व्यवस्था एक अहम हिस्सा है, इसलिए हमें भी वित्तीय व्यवस्था की जानकारी होनी चाहिए ताकि हम अपनी बचत को सही जगह पर निवेश कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार ने भी ''पावर ऑफ स्मॉल सेविंग'' के बारे में बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मुकेश ने किया। इस अवार पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. शम्मी नागपाल, प्रो. नरेन्द्र आदि उपस्थित थे।

**Poster Making Competition on "Aatamnirbhar Bharat"- May 14, 2022**





DAYANAND P.G. COLLEGE, HISAR
ECONOMICS ASSOCIATION
GPS Map Camera
Mali
Nigeria
Google
Kheri Lochap, Haryana, India
Kheri Lochap, Haryana 125039, India
Lat 29.297882°
Long 76.112846°
14/05/22 12:01 PM

# डीएन कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों को बताया कि कैसे हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है? जब तक युवा देश के विकास में रूचि नहीं लेंगे तब तक आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार नहीं किया जा सकता। विद्यार्थियों को कला के माध्यम से अपने विचारों और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करना सीखना चाहिए। विद्यार्थियों को जीवन में समझने की क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए और सृजनात्मक होना चाहिए। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों को थीम से सम्बन्धित कैप्शन के साथ कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरूचि शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर सर्वप्रथम



विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इस आयोजन में डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. रेनू राठी, डॉ. अर्चना मलिक, डॉ. मंजू शर्मा ने प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की रिया ने प्रथम स्थान, बी.कॉम. प्रथम वर्ष की मुस्कान ने द्वितीय स्थान, बी.ए. अंग्रज़ी ऑनर्स की चारू ने तृतीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के राजेश ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ चार प्रविष्टियों को विजेता प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश शर्मा, पवन कुमार, दीपक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

**Activities organized by the Department: (2022-23)**

**“Declamation competition on the theme, “Government Welfare Plannings”- September 30, 2022**

# दयानन्द महाविद्यालय में हुआ 'कल्याणकारी योजनाओं की व्यावहारिक प्रासंगिकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 4 अक्टूबर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'कल्याणकारी योजनाओं की व्यावहारिक प्रासंगिकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों को बताया कि कैसे सम्प्रेषण कला में परांगत होकर विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को कला के माध्यम से अपने विचारों और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करना सीखना चाहिए। विद्यार्थियों को जीवन में समझने की क्षमता को बढ़ावा देन चाहिए और सृजनात्मक होना चाहिए। विद्यार्थियों ने अपने भाषण की थीम से सम्बन्धित विषय के साथ कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों की कला को निखारने के लिए किए गए इस तरह के अनूठे प्रयास के लिए विभाग के शिक्षकों की सराहना की। अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरुचि शर्मा ने कहा कि वर्तमान में कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार की विशेष आवश्यकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने की आवश्यकता है। सहायक प्रोफेसर पवन व स्मृति ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में समय नियामक का कार्य सहायक प्राध्यापक दीपक शर्मा द्वारा किया गया। मंच का सफल आयोजन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की कनिका ने प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की स्नेहा और बी.ए. द्वितीय वर्ष की शीतल ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष से आदेश ने तृतीय स्थान व बी.ए. द्वितीय वर्ष की नेहा ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश शर्मा, पवन, दीपक शर्मा की अहम भूमिका रही।

## पत्रकार समाज के दर्पण : डॉ. विक्रमजीत सिंह

**दयानंद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने की इंडस्ट्री फील्ड विजिट**

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 4 अक्टूबर : दयानंद महाविद्यालय हिसार के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने एक प्रिंट समाचार संगठन के विभिन्न विभागों के कामकाज को समझने के लिए स्थानीय समाचार पत्र कार्यालय का दौरा किया। दयानंद महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पत्रकार समाज के दर्पण होते हैं। समय के बदलाव के साथ पत्रकारिता के मानदंड भी बदल रहे है। जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित की गई यह इंडस्ट्री फील्ड विजिट निःसंदेह विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण व उपयोगी सिद्ध होगी। जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर नरेन्द्र सोनी ने बताया कि इस विजिट द्वारा पत्रकारिता को लेकर विद्यार्थियों के मन में उठ रहे तमाम प्रश्नों को सहजता से सुलझाने का प्रयास किया गया तथा जनसंचार व पत्रकारिता में करियर से भी परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने भी प्रिंटिंग प्रेस के दौरे को यादगार करार दिया। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र सोनी, रेखा रानी, सुनील कुमार और बीएएमसी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Essay Writing Competition on the theme “ Entrepreneurship” Feb.08, 2023**


D COLLEGE, HISAR
S OF POLITICAL SCIENCE
LIC ADMINISTRATION
lcome You
DAYANAND P.G. COLLEGE, HISAR
ECONOMICS ASSOCIATION
DAYANAND COLLEGE, HISAR
Department of Management
Welcomes you
GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+9XG, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.158197°
Long 75.714818°
08/02/23 01:21 PM GMT +05:30
Google


DAYANAND COLLEGE, HISAR
DEPARTMENTS OF POLITICAL SCIENCE
AND PUBLIC ADMINISTRATION
DAYANAND P.G. COLLEGE, HISAR
ECONOMICS ASSOCIATION
DAYANAND COLLEGE, HISAR

]


DAYANAND COLLEGE, HISAR
DEPARTMENTS OF POLITICAL SCIENCE
AND PUBLIC ADMINISTRATION
Welcome You
DAYANAND P.G. COLLEGE, HISAR
ECONOMICS ASSOCIATION
DAYANAND COLLEGE, HISAR
Department of Management
Welcomes you
GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+9XG, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.15814°
Long 75.714856°
08/02/23 01:34 PM GMT +05:30
Google

**Workshop on Financial Program for the Students related too Investment**

**By NISM,,, March 03-04, 2023**

1. 

# दयानंद कालेज में विद्यार्थियों को निवेश के बारे में दी जानकारी



डीएन कालेज में दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान प्राचार्य डा. विक्रमजीत व अन्य।

हिसार : दयानंद कालेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कोना-कोना शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डा. सुरुचि शर्मा ने विद्यार्थियों को महत्व बताए। प्राचार्य डा. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि भविष्य में अपने लक्ष्यों को पाने के लिए निवेश की विभिन्न नीतियों और योजनाओं को सीखना चाहिए। वक्ता अरुण पूनिया और पदमा ने बताया कि कहां निवेश करना चाहिए। वाणिज्य विभाग के इंचार्ज डा. रेनू राठी ने सभी का आभार जताया। संचालन डा. मुकेश शर्मा ने किया और प्रो. पवन कुमार की अहम भूमिका रही। (जासं)

**Extension Lecture on Exam Phobia in Students Mind- April 11,2023**





# दयानन्द महाविद्यालय में परीक्षा के भय को कैसे दूर करें विषय पर व्याख्यान आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल** : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थी परीक्षा का भय कैसे दूर करें विषय पर एक्टेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मोटीवेटर श्री सुरेश कुमार ने बताया कि अच्छी संगत, अच्छी आदत व अच्छी किताबों से प्यार करके विद्यार्थी परीक्षा के भय से दूर रह सकते हैं। ध्यानविधि सबसे सर्वोत्तम उपाय है। विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करके जीवन को सफल बना सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए अपने मन के भय को दूर करके अपने अन्दर के प्रेरक को जगाएं। उन्होंने मनोविज्ञान तथा अर्थशास्त्र विभाग के इस प्रयास की सराहना की। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती अरूणा कद ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति प्रयासरत रहने पर बल दिया और अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने कहा कि सकारात्मक वातावरण का विद्यार्थियों की मानसिक स्थित पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. पवन कुमार तथा प्रो. दीपक शर्मा ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुनपाल, प्रो. राजीव तुर्किया सहित बहुत सी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Group Discussion on "How to create more jobs in Rural Areas"- September 09, 2023**




GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+7QC, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.157994°
Long 75.714754°
09/09/23 01:49 PM GMT +05:30
Google

## Visit for Kisan Mela - September 10, 2023






# डी.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने किया एचएयू में चल रहे कृषि मेले का भ्रमण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अक्टूबर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित किसान मेले का भ्रमण किया। किसान मेले का भ्रमण करने से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को यह सीख कर आना है कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में किन-किन नई उत्पादन विधियों व तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है जिनसे भविष्य में कृषि को तकनीकी स्वरूप दिया जा सके। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह एक शैक्षिक भ्रमण है तथा विद्यार्थियों को इस भ्रमण में प्राथमिक क्षेत्र से सम्बन्धित व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करना है। अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुकेश शर्मा व प्रो. दीपक शर्मा ने किसान मेले से सम्बन्धित अपने अनुभव बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इस मेले से अनेक व्यवसायों जैसे मधुमक्खी पालन, हस्तकला उद्योग आदि के बारे में जाना तथा कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों से सम्बन्धित ज्ञान लिया। इस भ्रमण में महाविद्यालय की प्राध्यापिका प्रो. अनीता भी उपस्थित रही।

# Interaction with Entrepreneurs- Oct. 04, 2024






PLEASE
KEEP
SILENCE
GPS Map Camera
Hisar,HR,India
Agarwal Colony, Hisar, 125011, HR, India
Lat 29.158584, Long 75.714873
10/04/2023 10:56 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

**Introduction to the world of Investing-**

**Feb.23, 2024**





# दयानन्द महाविद्यालय में 'अ टॉक ऑन इंट्रोडक्शन टू दा वर्ल्ड ऑफइन्वेस्टिंग' का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 फरवरी**



: दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के महात्मा हंसराज हॉल में वाणिज्य, अर्थशास्त्र व प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''अ टॉक ऑन इंट्रोडक्शन टू दा वर्ल्ड ऑफ इन्वेस्टिंग'' का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यवक्ता के तौर पर एनएसई एकेडमी लिमिटेड, हिसार के जगदीप पंघाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने बढ़ती मंहगाई से निजात पाने के लिए अलग-अलग प्रतिभूतियों में निवेश करने के बारे में सुझाव दिए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि निवेश आज के समय की मांग है और हमें सही समय व सही जगह पर निवेश करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अरूणा कद ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि पैसा आज की सबसे बड़ी जरूरत है, हमें पैसा कमाने के साथ पैसा बढ़ाना भी सीखना होगा। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा तथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन विभाग के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।